तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024

11 मिट्टी का अवैध उत्खनन कर बनाई जा रही ईंटे, किसानों...



12 चरौदा उपार्जन केंद्र में निर्धारित मात्रा में हो रहा धान का वजन





PHOENIX®
श्री बालाजी स्केल
इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विक्रेता एवं सुधारक
डिगेन्द्र यादव - 9993001348
पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, राजिम, मो. 9303991861

## खबर संक्षेप

### धीवर समाज का परिचय सम्मेलन 8 को

**राजिम।** मंदिर हसोद नवागांव क्रिकेट स्टेडियम में 8 दिसम्बर को धीवर समाज का प्रांतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया है। जिसमें 33 परगना के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहेंगे। बताया की इस सम्मेलन में विवाह योग्य लड़के-लड़कियों को लेकर उनके माता-पिता पालक पहुंचेंगे। यह सम्मेलन साल भर में एक बार होता है जिसमें लड़के-लड़की को अपना जीवनसाथी चुनने का सुनहरा मौका मिलता है। परगना अध्यक्ष रामुराम तारक ,तुकाराम, झाड़ूतारक, राजेश धीवर ने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया है कि प्रदेशस्तरीय परिचय सम्मेलन में शामिल होवें।

### ग्राम किरवई में आयुष स्वास्थ्य शिविर आज

**गरियाबंद।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 6 दिसम्बर को विकासखंड फिंगेश्वर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर किरवई में आयोजित किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

### राम कथा में शामिल होंगे अमितेश शुक्ल



**गरियाबंद।** जिले के गांधी मैदान में श्री सत्संग मानस मंडली द्वारा आयोजित नौ दिवसीय दिव्य संगीतमय श्री राम कथा में छठवे दिन प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल जी शामिल होंगे।

### मॉकड्रिल आज

**महासमुंद।** जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचनबल (एनडीआरएफ) की 20-25 बल एक टीम और राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में बाढ़-बचाव परिदृश्य पर संयुक्त मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है।

## सड़कों पर आवारा मवेशियों की रोकथाम के लिए चलाए अभियान : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राज मार्ग और राजकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न एजेंडा चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा भी शामिल हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में सड़को पर आवारा मवेशियों के रोकथाम के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों पर बैठने वाले आवारा पशुओं को उचित तरीके से हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी श्री रविन्द्र ठाकुर, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय,पशु चिकित्सा विभाग, नगर पालिका सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सड़कों पर आवश्यक स्थानों पर लगाएं साइन बोर्ड



#### दुर्घटनाओं की करें मॉनिटरिंग व रेडियम बेल्ट लगाएं

कलेक्टर ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने, सुधारे गए ब्लैक-स्पॉट पर सुधार उपरांत दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग व रेडियम बेल्ट लगाने को कहा। उन्होंने मोटरयान अधिनियम एवं अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन की कार्यवाही करने, असावधानीपूर्वक वाहन चालन एवं अन्य अपराधों में लिप्त वाहन चालकों के ड्रायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही करने, ड्रायविंग में विचलित करने वाले होर्डिंग्स को हटाने, फुटपाथ, पार्किंग, सर्विस लेन आदि से अतिक्रमण हटाने एवं सड़कों पर सुधार कार्य कराने के भी निर्देश दिये।

### विडंबना : बच्चों के लिए पढ़ने और सीखने की गुंजाइश ही नहीं

## तुहामेटा आंगनबाड़ी का संचालन किचन शेड में और वहीं बनता है भोजन, बैठने की भी जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- किचन शेड की हालत बेहद जर्जर, दिवालों में आई दरारें

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में नौनिहालों के लिए किए जा रहे है विकास की दावे कितनी सच्चे है इसकी एक बानगी ग्राम पंचायत तुहामेटा में देखने को मिली। जहां एकदम जर्जर हो चूके छोटे से किचन शेड के भीतर आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। यह किचन शेड इतना छोटा है कि इसमें 10 लोग भी बैठना मुश्किल है। इसके बावजूद यहां किचन शेड छोटे से कमरा में एक तरफ बकायदा भोजन तैयार किया जाता है और दूसरे तरफ इसी छोटे से कमरा के भीतर एक दर्जन नौनिहाल अपने सुनहरे भविष्य गढ़ते दिखाई देते हैं। तहसील मुख्यायल मैनपुर से महज 9 किलो मीटर दूर ग्राम भालुकोना ग्राम पंचायत तुहामेटा की आश्रित ग्राम है और आगंनबाड़ी का संचालन किचन शेड के भीतर किया जा रहा है। वह किचन शेड की हालत बेहद जर्जर हो गया है भारी दरारे दिवालों में आ गई और किचन शेड़ का उपर छत ही टूट गया है बावजूद इसके मजबुरन बच्चों को बिठाने मजबूर हो रहे है बारिश, गर्मी, ठंड के दिनों में इस जर्जर किचन शेड के भीतर आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। ऐसे एक नहीं दर्जनों मामले आगनबाड़ी मैनपुर में देखे जा सकते है जो किराए के मकान में संचालित हो रहा हैं या फिर जर्जर मकानों में। इस ओर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।







#### जल्द होगा समस्या का समाधान

महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पीआर ठाकुर ने बताया की ग्राम भालुकोना में नया आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है। जल्द समस्या का समाधान हो जयेगा।

## हाई मास्क लाइट बना शो-पीस, डेढ़ साल बाद भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- स्टेडियम में हाई मास्क लाइट लगाने के नाम पर करोड़ों रुपए फूंके गए

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर मिनी स्टेडियम भाठीगढ़ में रात्रिकालीन खेलकूद सम्पन्न हो सके इस उददेश्य से लाखों करोडो रूपये खर्च कर हाईमास्क लाइट लगाई जा चुकी है लेकिन डेढ़ साल बाद भी अब तक बिजली की लाईट को जलाया नहीं गया है, जानकारी के अनुसार स्टेडियम में लाईट लगाने के बाद बिजली कनेक्शन के लिए बिजली विभाग को अब तक कनेक्शन लगाने के लिए आवेदन नहीं किये जाने की जानकारी मिली है, जिसके कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ।ज्ञात हो कि पैरी स्टेडियम मैनपुर में हाई मास्क लाइट लगाई गई है जिससे रात्रिकालीन खेल आयोजन हो सके और इस हाई मास्क लाइट को लगाए डेढ़ साल हो चूके है कई बार क्षेत्र के खिलाड़ियों ने स्थानीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों को आवेदन देकर लाईट को प्रारंभ करने की मांग कर चूके है लेकिन अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इन दिनों ग्रामीण इलाको में खेल-कूद प्रतियोगिता का दौर प्रारंभ हो चूका है लेकिन इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे खेल प्रेमियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लेकिन दूसरी ओर इस मामले को लेकर बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने नराजगी ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खडे ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला झाराबहाल के पास का है, जहां एक खड़े ट्रक से बाइक टकराने के कारण एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा झाराबहाल से करीब 100 मीटर की दूरी पर हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, यशवंत (22) अपनी बाइक से जा रहा था। रास्ते में सड़क किनारे खड़े ▶▶| शेष पेज 10 पर



## 13 किलो गांजा जब्त, युवक को पुलिस ने दबोचा

**राजिम।** राजिम टीआई अमृत लाल साहू ने गांजा तस्करी कर रहे भिलाई-सुपेला के 18 वर्षीय देवेंद्र साहू को 13 किलो गांजा के साथ कार सहित पकड़ने में सफलता हासिल किया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी देवेंद्र के साथ एक नाबालिक युवा भी था ये फिंगेश्वर के रास्ते से राजिम होते हुए कार क्रमांक सीजी 04 एनएल 5786 में रायपुर की ओर जा रहा था तभी राजिम बस स्टेण्ड में इन्हें रोका गया। इनकी गाड़ी चेक की गई तो गाड़ी के भीतर अलग-अलग गठ्ठे में 13 किलो का गांजा बरामद हुआ। आरोपी को नार्कोटिक एक्ट के तहत गिरफतार कर जेल दाखिल ▶▶| शेष पेज 10 पर



### नशीली पदार्थो पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार निगरानी के निर्देश

## जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाएं अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- ऑनलाइन माध्यम से जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

जिले में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थो या नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए आज कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर रोकथाम की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में सक्रियता के साथ नशीली दवाईयों के रोकथाम के लिए कार्यवाही की जा रही है। साथ ही चेकपोस्ट, बैरियरों के द्वारा सघन निगरानी कर संदिग्ध वाहनों की भी जांच की जा रही है। प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने कहा कि जिले में नशीली पदार्थों के रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाएं जाए। साथ ही सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सीमापार नशीली दवाइयों पर भी निगरानी रख कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय बस ट्रांसपोर्ट एवं वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाए। लक्जरी वाहनों में नशीली दवाईयों की सप्लाई की भी संभावना रहती है। ऐसे सभी संदिग्ध वाहनों की बैरियर में निगरानी रखकर रेण्डम चेकिंग की जाए। प्रभारी सचिव ने नशीली पदार्थो के बारे में जागरूकता लाने एवं लोगों को इसके दुरूपयोग से दूर रहने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले में नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने विभागों के समन्वय से नशामुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जा रहा है। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा ने बताया कि जिले में नशीली पदार्थ रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जांच नाकों और उड़नदस्ता दल के द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है। संदिग्ध वाहनों पर विशेष निगरानी रख कर नशीली पदार्थों के संबंध में जांच की जा रही है। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र चन्द्राकर, सहायक ड्रग कन्ट्रोलर श्री संजय राजपूत सहित समन्वय समिति के सदस्यगण शामिल हुए।





#### इन दवाइयों को बिना डॉक्टर के सलाह के ना लें

बैठक में सहायक ड्रग कन्ट्रोलर ने बताया कि नार्कोटिक्स एवं साईकोट्रॉपिक्स दवाईयां विशेष रूप से मरीजों के इलाज के लिए सीमित रूप में उपयोग की जाती है। यह दवाईयां केवल चिकित्सक के सलाह पर ही दी जाती है। इन दवाईयों को नशे के रूप में दुरूपयोग भी की जाती है। इससे लोगों को बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि नशीली पदार्थो के रूप में उपयोग की जाने वाली दवाईयों में कोडीन फॉस्फेट कफ सिरप, डायजेपाम गोलियां, नाईट्राजेपाम टेबलेट, अल्प्राजोलम टेबलेट, ट्रॅामाडोल टेबलेट, पेंटाजोसिन इंजेक्शन, ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन, ब्यूटोर्फिनॉल इंजेक्शन एवं डेक्सट्रोप्रोपॉक्सीफिन केप्स्युल शामिल है। उन्होंने इन दवाईयों को बिना डॉक्टर के सलाह के नहीं लेने की अपील की है।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# बस्तर में बेहतर होगी रेल कनेक्टिविटी, रावघाट से जगदलपुर के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ रेलवे मंत्रालय द्वारा कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की पहल

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में रेल कनेक्टिविटी को लेकर रेल मंत्रालय ने अहम कदम उठाए हैं, जिसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा। कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को लेकर दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना में कुल लंबाई 235 किमी को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। बता दें कि पहले चरण में दल्लीराजहरा से रावघाट तक 95 किमी रेल लाइन तैयार होनी है।

इस चरण में रेलवे ने दल्लीराजहरा से तारोकी, 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल 1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। दूसरे चरण में रावघाट से जगदलपुर, 140 किमी पर कार्य होना है। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, डीपीआर तैयार कर ली गई है।

### धमतरी से कोंडागांव तक रेल लाइन

कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए धमतरी से कोंडागांव 183.19 किमी तक नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। यह पहल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस रेल परियोजना का यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रेन से यात्री बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों तक पहुंच सकेंगे।



## खबर संक्षेप



### रेगिस्तान के जहाज क्षेत्र की सड़कों पर दिखा

**मैनपुर।** रेगिस्तान का जहाज ऊंट का काफीला गुरुवार को मैनपुर गरियाबंद रायपुर नेशनल हाईवे मार्ग में सड़क पर दिखाई दिया। सड़कों पर रेगिस्तान के ऊंट जब एक साथ चल रहे थे वह नजारा देखने लायक था जिसे शेख हसन खान ने अपने कैमरे में कैद किया।

### मोहन का आधुनिक कृत्रिम हाथ बनेगा सहारा

**रायपुर।** एक वक्त था जब हाथ कटने के बाद एक हाथ से काम करना आसान नहीं हो पाता था, लेकिन आधुनिक कृत्रिम हाथ लोगों के काम न केवल आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें हाथ कट चुका है, इसका एहसास भी नहीं होता। दुर्ग निवासी मोहन कन्हाई का एक हाथ कट जाने से दिव्यांग हो गया था, लेकिन निःशुल्क कृत्रिम फंक्शनबेल हाथ मिलने के बाद वह बहुत खुश है। उसका कहना है कि एक हाथ के कारण रोजगार की चिंता सताती थी, पर ऐसा नहीं है, क्योंकि दोनों हाथ से वह काम कर सकता है, इसलिए रोजगार भी उसे मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ 36 से ज्यादा ग्रिप पैटर्न बनाने में सक्षम है और इसे एंड्राइड और साफ्टवेयर एप से भी संचालित किया जा सकता है। साथ ही, यह कृत्रिम हाथ चार्ज भी किया जाता जाता है। यह कृत्रिम हाथ 35 किलो तक वजन उठाने में सक्षम है। जिससे उपयोगकर्ता को अपने दैनिक कार्यों में सहूलियत मिलती है। इस तकनीकी डिवाइस को पोलैंड की एक कंपनी ने 13 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया है, जो कि एक उन्नत और किफायती विकल्प है।

### सीएम ने विश्व मृदा दिवस दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस पर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा, विश्व मृदा दिवस एक ऐसा अवसर है जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में मिट्टी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। उर्वर धरती की फसल उत्पादन और कृषकों की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान है। हम सब साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हमारी उर्वर धरती आने वाली पीढ़ियों के लिए उपजाऊ और जीवंत बनी रहे।

### नड्डा और गडकरी से मिले चंद्राकर

**रायपुर।** पूर्व मंत्री, विधायक, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भेंट की। श्री गडकरी से मुलाकात में कुरुद विधानसभा में सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर से विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में कुरुद में एकरेखन फीडर रूट कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया। श्री चंद्राकर ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202412114800007/**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
विषयः- अ-6 सनः- 2024-2025
पोड़ प.ह.नं. 36 (प.ह.न. 00008),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - सुबीर, शिखा, साधना, पुष्पा, सरिता, मुकुल, सीमा, तनुमय, सतीश ,सुमीत,सुजीत,दैमती, शीला,आकांक्षा पति स्व समीर, तनुष्का, तेजश शर्मा, स्वाति, निमिषा,
अनावेदक पक्षकार -साधना, पुष्पा, सीमा, तनुमय, स्वाति, निमिषा, सरिता, मुकुल, सुबीर, शिखा, सुजीत, दैमती, समीर, सुमीत, सतीश, शीला,
**ज्ञापन**
प्रति, पटवारी हल्का नंबर 08, ग्राम पोड
विषय :- वंशावली सहित जांच प्रतिवेदन पेश करने बाबत।
विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक मुकुल तिवारी पिता श्री बृजभूषण तिवारी निवासी ग्राम पोड़ द्वारा फौती नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है कि आवेदक के संयुक्त नाम पर ग्राम पोंड़ प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 618/1, 710/1, 1314/2, 1367, 1368, 1960, 2031, 2033 2034 2035, 2050 2051 2052, 2053, 2117, 2129, 2130, 2132/, 2133/1, 2134/1, 2145/1, 2156/1, 2157/1, 2159/1, 2162, 2163, 2164/1, 2167, 2168, 2231/1, 2232, 2236, 2237/1, 2249/1, 2250, 2253/1, 2235/1 रकबा क्रमशः 0.09, 1.38, 0.06, 0.47, 0.10, 0.79, 0.04, 0.67, 1.14, 0.89, 0.87, 0.27, 1.23, 2.44, 0.51, 0.41, 0.64, 0.23, 0.61, 0.40, 0.39, 0.19 0.20, 0.33, 0.78, 1.27, 0.03, 0.87, 0.36, 0.09, 1.13, 1.21, 0.47, 1.52, 1.03, 0.50, 1.27 हे. भूमि कुल ख.नं. 37 कुल रकबा 24.88 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार समीर शर्मा पिता मनोहर शर्मा की दिनांक 15/10/2017 को मृत्यु हो चुकी है, जिसके वारिसान हक में 01 पुत्री- तेजश शर्मा, 01 पुत्री- तनिष्का शर्मा पिसरान समीर शर्मा एवं पत्नि- आकांक्षा शर्मा बेवा समीर शर्मा है, जिसके कारण मृतक सहखातेदार- समीर शर्मा पिता मनोहर शर्मा के नाम को विलोपित कर वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु ऑनलाईन भूइंया नामांतरण पंजी एम.डी. सीरिज में आवेदन प्राप्त हुआ है। प्रकरण में साक्ष्य का विषय एवं विवाद की संभावना होने से विधिवत सुनवाई हेतु प्रकरण ई-कोर्ट में दर्ज किया गया। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय मे दिनांक 20.12.2024 को नियत है। अतः आप आवेदित भूमि के फौती नामांतरण के संबंध में वर्तमान स्थिति एवं पटवारी अभिलेख का अवलोकन कर प्रश्नाधीन भूमि शासकीय सीलिंग, कोटवारी सेवा भूमि, शासकीय पट्टे की भूमि तो नहीं है? साथ ही भूमिस्वामी के वारिसानों की जानकारी सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।
यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/12/2024 को जारी किया जाता है।
मुहर
अशोक कुमार जंघेल
नायब तहसीलदार
गोबरा नवापारा छ.ग.

## गर्भवती महिलाओं को भी जरूरत के अनुसार पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा

# गर्भवती एवं कुपोषित बच्चों की पौष्टिक थाली से अंडा गायब, 8 माह से फंड जारी नहीं, इसलिए योजना भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

महिला एवं बाल विकास अंतर्गत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में गंभीर कुपोषित बच्चों एवं 7 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं को दोपहर में भोजन की थाली में पौष्टिक आहार के रूप में खाना के साथ केला और अंडा भी परोसा जा रहा था, लेकिन पिछले 8 माह से थाली से अंडा गायब हो चुका है। विभागीय अधिकारी इसकी वजह फंड जारी नहीं होना बता रहे हैं, जिससे यह योजना अब ठंडे बस्ते में जाती दिखाई दे रही है। इधर थाली से अंडा गायब होने से कुपोषित बच्चों एवं कम हिमोग्लोबिन गर्भवती महिलाओं को भी जरूरत के अनुसार पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है।

### वर्ष 2019 में शुरू की गई थी मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान

खनिज न्यास निधि के तहत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना की शुरूआत वर्ष 2019 में की गई थी। इसके तहत प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों एवं एनिमिक गर्भवती महिलाओं को गरम पका हुआ भोजन देने की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत कुपोषित बच्चों एवं 6 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाली महिलाओं को गरम खाने में रोटी, फोर्टिफाइड चावल, मिक्स दाल, सब्जी, गुड़ के साथ केला या चिकू में एक फल तथा एक उबला अंडा थाली में परोसा जा रहा था।



फाइल फोटो

### एक उबला अंडा में कई पोषक तत्व

एक अंडे में 13 प्रकारण के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें कैलोरी 77 ग्राम, कार्ब्स 0.6 ग्राम, कुल वसा 5.3 ग्राम, सेचुरेटेड वसा 1.6 ग्राम, मोनोसेचुरेटेड वसा 2.0 ग्राम, कोलेस्ट्रॉल 212 ग्राम, प्रोटीन 6.3 ग्राम, विटामिन ए, विटामिन बी2, विटामिन बी12, विटामिन बी5, फोसफोरस 86 ग्राम एवं सेलेनियम 15.4 ग्राम है।

### फंड जारी नहीं किया गया है

फल-अंडा वितरण के लिए डीएमएफ फंड से राशि जारी होती थी। अप्रैल 2024 से इसके लिए फंड जारी नहीं किया गया है, इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन की थाली में अंडा नहीं दिया जा रहा है।

- **निशा मिश्रा**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर

### हफ्ते में 3 दिन दिया जाता था फल के साथ अंडा

विभागीय अधिकारियों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को योजना के तहत एक हफ्ते में 3 दिन एक फल के साथ उबला अंडा दिया जाता था। इससे कुपोषित बच्चों में कुपोषण तथा गर्भवती महिलाओं में खून की कमी दूर होती है। अब सिर्फ फल में केला दिया जा रहा है।

### योजना के लिए डीएमएफ फंड से जारी होती थी राशि

विभागीय सूत्रों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में उबला अंडा व फल वितरण के लिए विभाग में अलग से बजट का प्रावधान नहीं किया गया था। इसके लिए डीएमएफ फंड की राशि का उपयोग किया जाता था। अब डीएमएफ फंड से अंडा-फल वितरण के लिए राशि जारी नहीं की जा रही है, जिसके कारण यह योजना भी अब बंद पड़ी है।

### जिले में बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चे एवं महिलाएं हो चुकी हैं लाभांवित

पौष्टिक थाली में फल व अंडा वितरण से जिले में पिछले दो साल में बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं लाभांवित हो चुकी हैं। रायपुर जिले में 1916 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें कुपोषित बच्चों एवं एनिमिक गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें भोजन में अंडा और फल वितरण किया गया है। पिछले दो वर्ष में जिले में करीब 22 सौ गर्भवती महिलाओं को भोजन में अंडा-फल वितरण किया गया है। इसी प्रकार तीन हजार से अधिक कुपोषित बच्चों को अंडा-फल आहार में दिए गए हैं।

# जिले के युवा विभिन्न कार्यक्रमों में ले रहे हिस्सा



**गरियाबंद।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दिसम्बर माह में युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जाएगा। जिले में युवा उत्सव का आयोजन दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर गरियाबंद विकासखण्ड में 05 दिसम्बर को किया गया। तत्पश्चात फिंगेश्वर, छुरा, देवभोग विकासखण्ड में 06 दिसम्बर को एवं मैनपुर विकासखण्ड में 09 दिसम्बर को आयोजन किया जायेगा। द्वितीय चरण में जिला स्तरीय आयोजन 10 दिसम्बर, 2024 को शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय परिसर गरियाबंद में किया जाएगा। युवा उत्सव 2024-25 में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। विकासखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी को जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होंगे। रॉकबैंड के दल में प्रतिभागियों की संख्या 10 होगी। युवा उत्सव प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकगीत, तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण एवं कविता, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पाद आदि गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इसके अलावा जिला एवं राज्य स्तर पर रॉकबैंड का भी आयोजन किया जायेगा।

प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन के संबंध में संपूर्ण जानकारी हेतु खेल एवं युवा कल्याण के विकासखण्ड नोडल गरियाबंद संजीव साहू, विकासखण्ड नोडल फिंगेश्वर हरिशचंद्र निषाद, विकासखण्ड नोडल छुरा रेवेन्द्र दीक्षित, विकासखण्ड नोडल मैनपुर यशवंत बघेल एवं विकासखण्ड नोडल देवभोग रमेश ठाकुर से संपर्क कर अधिक जानकारी ले सकते है।

# जिला अस्पताल में टीबी मरीजों को पोषण आहार का किया गया वितरण

**गरियाबंद।** भारत सरकार के नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत जिला गरियाबंद के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और आधारभूत अधोसंरचना जैसे कार्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी अनुक्रम में जिला अस्पताल के जिला क्षय उन्मूलन केंद्र, गरियाबंद में विकासखंड गरियाबंद के टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा अतिरिक्त पोषण आहार का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गरियाबंद, श्री अमजद जाफरी ने किया। कार्यक्रम में जिला टीबी उन्मूलन अधिकारी डॉ. एके हुमने, बीएमओ डॉ. बीबारा एमओ डॉ. हरीश चौहान, बीपीएम हेल्थ शेखर धुर्वे, विकास विस्तार अधिकारी राकेश साहू, खगेन्द्र कुमार (एसएफआईसी माइक्रोसव कंसल्टिंग, नीति आयोग के डेवलपमेंट पार्टनर और आकांक्षी ब्लॉक फेलो तरुण कुमार कोराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय पिरामल स्वास्थ्य की सदस्य सुश्री नर्मदा साहू के सहयोग से किया गया। इस पहल के तहत, टीबी मरीजों को उनकी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। यह पहल, टीबी रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# मुद्दों के अभाव में कांग्रेस की दिशा और दशा दोनों बदल गई है : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

जिले में धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर बीजेपी ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने धान खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया था, जिस पर भाजपा ने आरोपों को बेबुनियाद बताते व कांग्रेस के दावों पर विधायक रोहित साहू ने फूलझर कार्यक्रम से लौटते छुईहा में कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति कर रही है। जनता के हितों से कांग्रेस पार्टी को कुछ लेना देना नहीं है। जनता कांग्रेस को समझ चुकी है और उन्होंने पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला को आड़े हाथों लेते हुए कहा की राजिम विधानसभा में कांग्रेस नेता को भी समझ चुकी है। आगे उन्होंने कांग्रेस के खरीदी केंद्र चलो अभियान पर पलटवार करते हुए विधायक रोहित साहू का कहना है कि मुद्दों के अभाव में संघर्ष करती कांग्रेस का दिशा और दशा दोनों बदल गई है। कांग्रेस अपने को जीवित रखने के लिए एक औपचारिक समस्या बनाकर इस तरह का अभियान कर रही है। जितने भी आंदोलन करने का कांग्रेस ने प्रयास किया वह सभी असफल रहा है। जनता उनके साथ नहीं है,धान खरीदी के नाम पर कांग्रेस किसानों को भ्रमित करने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को किस्तों में अंतर की राशि दी जाती थी, जिसकी वजह से किसान नाराज थे। दूसरी तरफ हमारी भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है।



# विश्व मृदा दिवस पर पोस्टर प्रस्तुति का हुआ आयोजन




**छुरा।** आईएसबीएम यूनिवर्सिटी, नवापारा (कोसमी) के विज्ञान संकाय,साइंस क्लब और माईक्रोबियल सोसाइटी ऑफ इंडिया, आईक्युएसी द्वारा विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एक विशेष पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 5 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोसमी में आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को मृदा के स्वास्थ्य, उसके मापन, निगरानी, और प्रबंधन के महत्व के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रस्तुत किए गए जिनमें प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, जैसे मृदा का निर्माण जिसे रिद्धि कहार (एमएससी III सेमेस्टर, प्राणीशास्त्र) द्वारा प्रस्तुत किया गया, मृदा की संरचना पर आरजू एमएससी III सेमेस्टर, प्राणीशास्त्र अपनी जानकारी साझा की, मृदा निर्माण को प्रभावित करने वाले कारक पर जसवंत (बीएससी I सेमेस्टर, सीबीजेड) अपने विचार प्रस्तुत किये। मृदा संरक्षण पर कामिनी बीएससी I सेमेस्टर, फॉरेंसिक साइंस का प्रस्तुतिकरण और मृदा स्वास्थ्य में सूक्ष्मजीवों की भूमिका पर मोनिका एमएससी III सेमेस्टर, प्राणीशास्त्र अपना पोस्टर प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के संयोजक ललिता साहू, सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान ने बताया कि यह आयोजन छात्रों और समुदाय के लिए मृदा संरक्षण और उसके महत्व को समझने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया गया। इस आयोजन में स्कूल के सभी विद्यार्थी और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग लिए। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी, अध्यापक, और कर्मचारि इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित किये। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, और कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने इस कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समर्थन व्यक्त किया है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

# मशीन में फंसकर किशोर की मौत, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा स्थित गोविंद मिनरल्स की मिक्सर मशीन में एक आदिवासी किशोर की फंसने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर गौरव सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। मृतक की उम्र 16 वर्ष है। बाल श्रमिक कुछ दिन पूर्व ही मुंगेली से मिनरल्स फैक्ट्री में काम करने आया था। कलेक्टोरेट द्वारा जारी बयान के मुताबिक घटना के तत्काल बाद श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बचपन बचाओ आंदोलन तथा पुलिस की संयुक्त टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले की पड़ताल में जुट गई है।

पेज 9 के शेष...

### हाई मास्क ...

जाहीर करते हुए कहा कि खिलाडियों के लिए स्टेडियम में हाईमास्क लाइट लगाया गया तो तत्काल प्रारंभ करना चाहिए। मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदु नेगी, भाठीगढ़ के सरपंच जिलेन्द्र नेगी, ईश्वर नागेश व क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर से मांग किया है कि हाई मास्क लाइट को प्रारंभ करवाया जाय जिससे इसका लाभ खिलाड़ियों को मिल सके।

### खडे ट्रक से टकराई...

एक खराब ट्रक से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि यशवंत को सिर पर गंभीर चोटें आई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। देवभोग नेशनल हाईवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि खराब वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दिए जाने और यातायात नियमों की अनदेखी के चलते हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाए और दुर्घटना संभावित इलाकों में संकेतक लगाए जाएं। उनका कहना है कि अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो हादसों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है।

### 13 किलो गांजा...

किया गया है। गाड़ी को जप्त कर ली गई है। मालूम हो कि उड़ीसा से गांजा तस्करी के मामले में आए दिन खबरे आती है। तस्कर कभी खरियार रोड महासमुंद होते हुए रायपुर की ओर निकल जाते है तो कभी पुलिस को चकमा देते हुए खरियार रोड बागबहरा से राजिम की ओर मुड़कर रास्ता बदलने की पैतरा करते है। कभी-कभी तो उड़ीसा से देवभोग,मैनपुर,गरियाबंद होते हुए राजिम पार करना चाहते है। पुलिस की नजर अब गांजा तस्करो के ऊपर बनी हुई है। आने वाले दिनो में भी नाकाबंदी करके ऐसे तस्करो को दबोचा जाएगा। बता दें कि राजिम और नवापारा शहर में भी गांजा पीने वालो की बाढ़ आई हुई है। यहां गांजा पुड़िया के हिसाब से बिकता है। गांजा पीने वालो को लुक-छुपकर कश मारते हुए देखा जाता है। पता नही यहां गांजा कहां से आता है? यह भी पुलिस के लिए एक चुनौती है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्रदेश में किसानों के साथ हो रहा है अन्याय : संजय

**मैनपुर।** धान खरीदी खरीदी केन्द्र के निरीक्षण करने आज गुरूवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम पहुंचे। इस दौरान ग्राम सरनाबहाल धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया जहां किसानों ने पुराने बारदाने की कमी बताई साथ ही टोकन नहीं कटने नेटवर्क का प्राबलम बताया। इस दौरान धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने चर्चा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में सरकार की नीतियों ने न केवल किसानो की हितों को अंदेखा कर रही है बल्कि अन्याय कर रही है। भाजपा सरकार ने किसानों से वादा किया था की धान बिक्री के 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा लेकिन सच्चाई यह है कई हफ्ते बितने के बावजूद किसानों को उसकी मेहनत की राशि नहीं मिल पा रही है। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य देने का वायदा किया था लेकिन किसानों को केवल 2300 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है।

### बीएससी के छात्र-छात्राओं को ब्लड बैंक का विजिट कराया गया

**बसना।** जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में प्राचार्य डॉ एस के साव के निर्देशन एवं प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमती गीतिका प्रधान के मार्गदर्शन में बीएससी तृतीय वर्ष के समस्त छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधि के रुप में ब्लड बैंक का विजिट कराया गया। जिससे सभी छात्र छात्राएं ब्लड बैंक की कार्य प्रणाली से अवगत हुए तथा विद्यार्थियों को ब्लड स्टोरेज, ब्लड डोनेशन, ब्लड टेस्ट, एलाइजा टेस्ट और आवश्यक उपकरणों और उनके सिद्धांत से परिचित कराया गया। ब्लड बैंक में कार्यरत लैब टेक्निशियन मानस रंजनदास के द्वारा ब्लड स्टोरेज, ब्लड डोनेशन और प्लाज्मा पृथककरण को विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि जब रक्तदान किया जाता है तो रक्त को विशेष प्रकार की थैलियों में सुरक्षित रखा जाता है जिसके बाद सेंट्रीफ्यूज की सहायता से इसको प्लाज्मा के रूप में पृथक्कृत कराया जाता है इसके पश्चात यदि प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है तो प्लाज्मा से प्लेटलेट्स को सेंट्रीफ्यूज की सहायता से पृथक कराया जाता है उन्होंने बताया कि रक्त और प्लाज्मा को माइनस ताप पर रेफ्रिजरेटर पर सुरक्षित रखा जाता है। इसके बाद उन्होंने ब्लड ग्रुप टेस्ट को समझाया और विभिन्न प्रकार के आवश्यक उपकरणों जैसे सेंट्रीफ्यूज, इन्क्यूबेटर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।

## निधन

### शबाना बानो

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम मुड़गेलमाल निवासी शबाना



बानो उम्र 44 वर्ष का निधन हो गया। गुरूवार को उनके जनाजे की नमाज में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज मैनपुर के लोग शामिल हुए और मैनपुर कब्रिस्तान में खाखे सुपुर्द किया गया।

**मांग : किसानों ने सूखा नदी के तट की खुदाई के खिलाफ कार्रवाई को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

# मिट्टी का अवैध उत्खनन कर बनाई जा रही ईंटे, किसानों के लिए समस्याएं हो रही विकराल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के अंतिम छोर पर बहने वाली सूखा नदी के तट को ईट बनाने के लिए गहराकर धन कमाने की लालसा मे तोड़ने का प्रयास अवैध ईट भट्टों संचालकों के द्वारा किया जा रहा है। जिससे नदी का पानी आने वाले समय मे तट को तोड़कर फिंगेश्वर बस्ती में पहुंच जायेगा जिसके चलते जान माल की नुकसानी होने का अंदेशा है। वहीं पर उसी किसानों में बरसों से कृषि कार्य करने वाले किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खींच गई है। किसानों ने उक्त अवैध मिटटी खनन पर रोक लगाकर मिट्टी खोदने वाले ईट संचालकों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने का ज्ञापन फिंगेश्वर तहसीलदार को सौंपा है।

■ मिट्टी का अवैध उत्खनन कर भट्ठों पर बना रहे ईंटें, किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे

किसान राधेश्याम, जगेश्वर, लक्ष्मण, संतोष, अशोक, पूरनलाल, उमेश कुमार आदि ने बताया कि हम कृषकगण फिंगेश्वर नगर पंचायत क्षेत्र जिला गरियाबंद के रहने वाले हैं जो कि सुखा नदी के तट से लगा हुआ हम लोगों की कृषि भूमि स्थित है। इस भूमि पर हम लोग पूर्वजकाल से अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि में दाखिल काबिज होकर कार्य करते आ रहे हैं। विगत कुछ वर्षों से फिंगेश्वर के अवैध ईट संचालकों द्वारा सुखा नदी के तट को तोड कर 8-10 फिट गहरा गड्ढा कर नदी के क्षरण को बढ़ावा दे रहे हैं जिससे नदी का धार उक्त उत्खनित क्षेत्र को तोड कर नदी में मिल रहा है। वहीं पर नदी का पार से बढ़कर हमारे खेतों की ओर बढ़ रहा है।







### नदी के अस्तित्व को कर रहे हैं समाप्त

फिंगेश्वर क्षेत्र में अवैधानिक रूप से संचालित ईट गट्ठा के संचालकों का इस कृत्य से भविष्य में आबादी क्षेत्र के लिए गम्भीर संकट उत्पन्न हो रहा है। नदियों का संरक्षण शासन द्वारा किया जा रहा है परन्तु ये अवैध कृत्य करने वाले लोग नदी के असतित्व को समाप्त कर कर रहे हैं। सुखा नदी के पार (तट) पर अवैध ईट भट्ठा के संचालकों द्वारा अवैधानिक रूप से उत्खनन कर मिट्टी को निकालने के विरुद्ध तत्काल सख्त से शख्त कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। फिंगेश्वर नगर के जीवन दायनी सुखा नदी के तट को ईट संचालकों द्वारा अवैध रूप से खोदाई कर मिट्टी निकाले जाने के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दण्डित किये जाने की मांग की गई है। उक्त आशय का लिखित ज्ञापन तहसीलदार कार्यालय फिंगेश्वर के लिपिक को सौंपा गया है जिसकी प्रतिलिपि जिला कलेक्टर एवं एसडीएम को दी भेजी गई है।

### भाजपा सरकार किसानों को 31 सौ रुपए एक मुश्त दें : अर्चना



**फिंगेश्वर।** गुरुवार को जनपद पंचायत फिंगेश्वर की सहकारिता उद्योग की सभापति अर्चना डॉ. दिलीप साहू ने फिंगेश्वर धान उपार्जन केन्द्र पहुंचकर धान खरीदी का निरीक्षण किया। वहीं पर किसानों से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की एक मुश्त राशि देने का प्रदेश सरकार के द्वारा वायदा किया गया था जो कि नहीं दिया जा रहा है। राशि किश्त में दी जा रही है। इस बारे में क्या कहना है? किसानों ने बताया कि साल भर की मेहनत की कमाई जब सरकार को सौंप रहे है तो हर किसी को लगता है कि सरकार अपने वायदे के अनुरूप 31 सौ की राशि एक साथ दे लेकिन नहीं दे रही है तो भला हम क्या कर सकते हैं? सबको उम्मीद रहती है कि धान बिक्री के बाद एक साथ राशि मिले। सभापति अर्चना ने कहा कि सरकार वादे के अनुरूप काम नहीं कर रही है।इसी प्रकार धान खरीदी की व्यवस्था आदि की जानकारी ली गई। इस अवसर पर समिति प्रबंधक मनोज साहू सहित सेंदर ग्राम के किसानों के साथ कांगेस के वरिष्ट नेता डॉ. दिलीप साहू भी उपस्थित थे।




### परसट्ठी में रासेयो शिविर

**नवापारा-भेण्डरी।** शासकीय उच्च माध्य विद्यालय बुड़ेनी के रासेयो द्वारा परसट्ठी में सात दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजू साहू, चंद्रशेखर निषाद, चुम्मन साहू आदि मौजूद थे।



### पवन को मिला श्रवण यंत्र

**राजिम।** पाण्डुका के पवन पटेल को सरकार के महत्वपूर्ण योजना के तहत भाजपा के पूर्व महामंत्री नागेंद्र साहू ने श्रवण यंत्र दिलाया। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष जवाहर शर्मा, रामखेलावन, पुरूषोत्तम यादव मौजूद थे।

# लोगों को एड्स की रोकथाम के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु के मार्ग दर्शन में 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं शिवम कालेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एड्स रोग की समस्या एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी, स्वास्थ्य परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा संबोधन में कहा कि एड्स रोकथाम एवं जन जागरूकता में शिक्षित युवाओं की भूमिका प्रकाश डालते हुए मर्यादित व सुरक्षित जीवन शैली को अपनाते हुए अग्रीम पंक्ति में रहकर जन समुदाय में जन जागरूकता करने हेतु अपील की गई। जिला नोडल अधिकारी के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि इस वर्ष 2024 का थीम ''अपने अधिकारों को समझिये और सही रास्ता सुनिये'' रखा गया है। कार्यक्रम में बताया गया कि महिला एवं पुरूष को एक साथ बिठा कर एड्स से संबंधित जानकारी एवं बचाव विषय पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा किया जाना चाहिए। ताकि एड्स की जानकारी छिपी न रहे। साथ ही थीम के अनुरूप इस वर्ग से संबंधित लोगो को समान भाव व व्यवहार से देखे जाने के लिए जन समुदाय से अपील की गई, एवं अधिक जानकारी के लिए नॉको टोल फ्री नंबर 1097 पर कॉल करने की भी जानकारी दी गई। आईसीटीसी परामर्शदाता श्रीमती समरूपा चन्द्राकर द्वारा एच.आई.व्ही एड्स संक्रमण फेलने के कारण जिसमें असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त संचरण एवं संक्रमित माता से गर्भस्थ शिशु को हो सकता है की जानकारी दी गई। विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत 6 दिसम्बर को रक्षित वाहिनी पुलिस लाईन गरियाबंद में एड्स विषय पर जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा।

■ विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



# सेना के जवान मयंक का राजिम में किया गया जोरदार स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अग्निवीर में भर्ती होने के पश्चात अपने गृह ग्राम राजिम आने पर जवान मयंक यादव का जोरदार आतिशबाजी, ढोल-ढमाकों के साथ पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में नगर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता की जयकारे और वंदे मातरम के नारे लगाए गए। जवान मयंक यादव ने पंडित सुंदरलाल शर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि अग्निवीर में युवाओं को भर्ती होना चाहिए , देशभक्ति का एक सशक्त माध्यम है अग्निवीर , इसके लिए कठोर परिश्रम , धैर्यता की आवश्यकता है। पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से जैसे ही काफिला स्कूल के पास पहुंचा वहां पर प्राचार्य संजय एक्का एवं एन. सी. सी. प्रभारी सागर शर्मा के नेतृत्व में एनसीसीकेडेट, स्कूल के छात्र-छात्राएं, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों के द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में जवान के पिता सुनील यादव, महेश यादव, विष्णु यादव,भारत यादव ,उत्तम निषाद, सोमनाथ पटेल, संजीव साहू, खुशी साहू, सागर देवानी, धर्मेंद्र यादव, अनुजय ठाकुर, कान्हा यादव, रंजीत पटेल, टिकेश्वर पटेल, प्रीतम निषाद, ईशा साहू, राखी साहू, सूर्यकांत पटेल, योगेश पटेल, लोकेश यादव, यश साहू सहित बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल थे। अग्निवीर में चयनित राजिम के मयंक यादव का स्वागत सम्मान समाजसेवी संस्था नवचेतना युवा मंच द्वारा भी किया गया। बता दें कि नवचेतना युवा मंच द्वारा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समय-समय पर किए जाते हैं। जो युवा थलसेना व अन्य सैन्य बलों, पुलिस विभाग में जाने का जज्बा रखते है उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण देने एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा, इन्द्रजीत यादव,गोवर्धन शर्मा, लाभाराम ध्रुव, मनीराम ढीमर, कुलेश्वर तारक, सुरेंद्र सोनकर, डिकेश शर्मा, सुरेश यादव, द्विजकुमार साहू, नारायण यादव ,सुरेश साहू, नीलकंठ साहू, शिवम साहू का अहम योगदान रहता है।

### राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस पर कॉलेज में कार्यक्रम हुआ

# कृषि समाज पर्यावरण के क्षेत्र में निभाता है अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सहायक प्राध्यापक टिकेश्वर मरकाम ने कृषि के व्यावहारिक पक्षो पर चर्चा करते हुए बताया कि सरकारी नौकरियों की सीमित उपलब्धता के कारण कृषि क्षेत्र में व्यापक रोजगार का अवसर मिल सकता है। युवाओं को उन्होने इस संबंध में प्रेरित किया। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सरस्वती देवी बेरवंशी ने कृषि के महत्व और इसके वर्तमान समय में अर्थव्यवस्था और अन्य क्षेत्रों में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि केवल भोजन उत्पादन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाती है। संचालन पीयूषकांत भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सी एल देवांगन, एसआर वड्डे, डॉ. पेमेन्द्र उपाध्याय, डॉ. मधुरानी शुक्ल, जितेंद्र सिन्हा, प्रकाश जांगड़े, डॉ. रजिया सुल्ताना, पुरुषोतम काबरा, डॉ. साक्षी मेश्राम, मोनिका साहू, नंदनी साहू, मंजू शर्मा मौजूद रहे। महिला कृषि श्रमिकों के योगदान के प्रति आभार प्रकट किया गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित महिला कृषि श्रमिकों एवं कृषि कार्यों में संलग्न महिलाओं के साथ बातचीत भी की गई। महिला कृषि श्रमिकों द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। यह कार्यक्रम न केवल महिला श्रमिकों के योगदान को सम्मानित करने का एक प्रयास था, बल्कि समाज में उनके महत्व और भूमिका को समझने का भी अवसर प्रदान करता है।

## शोक-संदेश

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा- न्यन्यानि संयाति नवानि देही।।

जन्म 03/12/1965



मृत्यु 30/11/2024

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि

**स्व. लोकनाथ साहू**

का स्वर्गवास दिनांक 30/11/2024 दिन शनिवार को हो गया, जिनकी अनत्येष्ठी क्रिया एवं ब्रम्हविलिन आत्मा की शांति हेतु सह-परिवार पधार कर शांति प्रदान करें।

संपूर्ण कार्यक्रम - 06.12.2024, शुक्रवार
स्थान - बजरंग चौक सहसपुर, टीप - तालाब कार्यक्रम 12 बजे

**शोकाकुल**
भूपेश, नयन, लुकेश्वर, पालेश्वर, ताकेश, रेखराम, छबी, अरूण एवं समस्त मादाटेका परिवार

**विनीत**
श्रीमती खेमिन बाई साहू (पत्नी)
सरपंच - ग्राम पंचायत सहसपुर
श्री मिथलेश साहू (बड़े पुत्र), श्री रेमन साहू (छोटे पुत्र)
ग्राम सहसपुर, पो. तरीघाट, मो. 9131219398, 9752297244

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो तो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप



### 70 पौवा शराब एवं वाहन जब्त, आरोपी जेल दाखिल

**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर चंडी मोड़ के पास सोमलाल भारती नामक व्यक्ति के पास से 70 पौवा मदिरा मसाला जप्त क र धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी ग्राम चंडी का निवासी है वह एक्टिवा से झोला मे भरकर भारी मात्रा मे शराब लेकर गांव जा रहा था इसी दौरान अभनपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर बताये गये हुलिया के आधार पर पकड़ने गई पुलिस को देखकर मौके से भागने का प्रयास कर रहा था जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया,तलाशी लेने पर उसके प्लास्टिक से थैले से 70 पौवा देशी मदिरा मसाला व एक्टिवा क्रंमाक सीजी 04 एमएम 5805 सहित को जप्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 7700 रूपये बताई गई आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पाये जाने से मौके पर गिरफ्तारी के कारणो से अवगत कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर,गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनो को दी गई,प्रकरण अजमानतीय प्रवृत्ति का होने सेआरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर लिया गया।

### विष्णुदेव सरकार पीएम मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है : राठौर

**मैनपुर।** भाजपा जिला युवा मोर्चा मंत्री तुलसी राठौर ने कहा की विष्णुदेव की सरकार ने पिछले एक




वर्ष में विकास के किर्तिमान स्थापित किए है बीते वर्ष चुनाव के परिणाम ने प्रदेश में पुनः भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने का मार्ग तय किया जिसके बाद प्रदेश की कमान विष्णुदेव साय को सौपी गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के दिशा पर बढ़ रहा है और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाना शुरू किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखो लोगो का मकान निर्माण किया जा रहा है। माताओं बहनो को सबसे बड़ी योजना महतारी वंदन के तहत 1000 रूपये आर्थिक सहायोग दिया जा रहा है और सक्षम बनाया जा रहा है।

### परसुली में कुराल पंचमी पूजा महोत्सव आज

**नर्रा।** परसुली सर्कल नं 1 के ग्राम परसुली में कुम्हार चक्रधारी समाज द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस बार भी 6 दिसंबर शुक्रवार को कुराल पंचमी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी इसके पश्चात चक्रधर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा, हवन पूजन होगी बाद प्रसादी के रूप में दोपहर में भंड़ारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नांच पार्टी नरतोरी मुनगासेर का कार्यक्रम रखा गया है।

### पचेड़ा में 6 से दो दिवसीय कबीर सत्संग आयोजित

**महासमुंद।** पचेड़ा में 6 व 7



दिसंबर को दो दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन रखा गया है जिसमें सत्संग करने चंद्रकला ग्राम सोनार देवरी जिला बलौदाबाजार होगी। इस सत्संग के माध्यम से अध्यात्म एवं धर्म की शिक्षा को मानव धर्म में उतारने की शिक्षा दिया जायेगा। यह आयोजन कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासीयो के सहयोग से किया गया है। आयोजक समिति द्वारा सत्संग प्रेमी संतों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है उक जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

## विडंबना : सरकारी नौकरी वाले लड़के की तलाश में बढ़ती जा रही उम्र

# पढ़ी-लिखी युवतियों को नहीं मिल रहा सुयोग्य जीवन साथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शादी-ब्याह का इन दिनो मौसम चल रहा है। हर समाज में शादी-ब्याह के योग्य लड़के-लड़कियों की तलाश होने लगी है। लड़की के माता-पिता चाहते है कि उनकी बेटी के लिए सरकारी नौकरी वाला योग्य लड़का मिले। जबकि लड़के वाले अपने बेटे के लिए सुंदर से सुंदर लड़कियों की तलाश में रहते है। समय के साथ-साथ लड़की वाले अब सरकारी नौकरी वालों को अब ज्यादा प्राथमिकता में रख रहे है।

यदि लड़कियों को देखने के लिए उनके घर पहुंचते है तो सबसे पहला प्रश्न होता है लड़का क्या करता है? जवाब यदि बिजनेस, प्रायवेट नौकरी या खेती-किसानी का मिलता है तो साफ उनसे कह देते है कि अभी बताते है। यह समस्या कमोवेश हर समाज में हो गया है। लड़के जिस तरह से पढ़-लिखकर नौकरी के तलाश में है उस हिसाब से नौकरी नही मिल पा रही है। परिणाम स्वरूप प्रायवेट कंपनियो, दुकानों और शो रूम सहित कई जॉबो में वे मजबूरी में काम कर रहे है। ऐसे लड़को के उम्र बढ़ता चला जा रहा है। वहीं उच्च शिक्षित लड़कियों की उम्र भी सरकारी नौकरी वाले लड़के के आस में बढ़ती चली जा रही है। यह समस्या विकराल रूप में खड़ी हो गई है। दो-तीन दशको तक 20-21 साल की उम्र पर ही लड़कियो की शादी हो जाया करती थी। लेकिन अब ऐसा नही है। अब सभी समाज में 30-32 वर्ष की युवतियां सरकारी नौकरी वाले लड़के का इंतजार कर रहे है।








### समस्या हो रही विकराल

इस संबंध में राजिम भक्तिन समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पटेल समाज के जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल, सोनकर समाज के वरिष्ठ जितेंद्र सोनकर, देवांगन समाज के वरिष्ठ किशोर देवांगन, धीवर समाज के शरद पारकर, कुर्मी समाज के प्रकाश वर्मा सहित कईयो लोगों से इस संबंध में बात की गई तो सभी ने कमोवेश इस बात को स्वीकार किया कि वाकई में ये समस्या बड़ी विकराल रूप में सामने है। लड़कियों के यहां जाओ तो सबसे पहला प्रश्न यही रहता है कि लड़का क्या करता है यह पूछना स्वाभाविक भी है। सरकारी नौकरी के बारे में पहले पूछा जाता है। सरकारी नौकरी नहीं होने पर उसे साफ इंकार न करके घुमा दिया जाता है और यदि लड़के सरकारी नौकरी में है तो वह सुंदर लड़की की तलाश में एक घर से दूसरे घर और दूसरे घर से तीसरे-चौथे होते हुए खोजते रह जाते है। यह समस्या कैसे दूर होगी यह चिंता का विषय है। इसे हर कोई स्वीकार कर रहा है। सामाजिक सम्मेलनों में भी बात तो बड़ी-बड़ी की जाती है। मगर अपेक्षाकृत परिणाम सामने नहीं आते।

आज प्रत्येक समाज में यह समस्या आ रही है। हर मां बाप का एक सपना होता है कि बच्चों को पढ़ा लिखा के विवाह संपन्न कराने के साथ ही अपने दायित्वों को पूरा करने की। किंतु आज के परिवेश में योग्य वर-वधु की तलाश में पसीना बहाना पड़ रहा है। वर के तलाश में आर्थिक सक्षमता प्रमुख मापदंड है, वहीं वधु के लिए सुंदरता के साथ-साथ शिक्षा का मापदंड भी सर चढ़कर बोल रहा है। बदलते समय में लड़कियों की उच्च शिक्षा के बाद नौकरी की तलाश में उम्र बढ़ जाना स्वाभाविक हो गई है। आज सभी जातियों में बढ़े हुए लड़के और लड़कियां की भरमार हो गई है जबकि आए दिन कई समाजों के विवाह योग्य युवक-युवतियो का परिचय सम्मेलन का आयोजन हो ही रहा है। कई समाजों के व्हाटसप ग्रुप बना हुआ है जिसमें जानकारी आती है। कई समाज के पुस्तक-पुस्तिका छप ही रहे है। बावजूद यह समस्या बड़ा रूप में खड़ा हुआ है।

### संयुक्त परिवार में शादी करने से करते हैं परहेज

अब तो क्या गांव क्या शहर हर मां बाप अपनी लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल प्रेरित कर रहे है बल्कि पढ़ने के लिए अपने संसाधनों के तहत शहरों तक भेज रहे है। ऐसी लड़कियों के उच्च शिक्षा के लेते तक उम्र अधिक हो जाती है। फिर उन्हें आगे मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वे अपने से कम शिक्षित लड़के से शादी करने में कतराते है। शासकीय सेवा में सीमित लड़के है। व्यवसाय करने वाले लड़के संयुक्त परिवार में रहते है। कन्या पक्ष के लोग संयुक्त परिवार में शादी करने से परहेज करते है। कन्या पक्ष की विचारधारा यही रहता है कि शादी के बाद नवदंपत्ति घर परिवार से अलग होकर स्वतंत्र रूप से रहे। क्योंकि एकल परिवार का रिवाज आजकल बढ़ता चला जा रहा है। परिवार के साथ सामंजस्य बिठा नहीं पाते। समाज में एक और बड़ी विडंबना यह भी देखने को मिल रही है कि यदि वर शासकीय नौकरी में हो तो उनकी शिक्षा एवं आदतों की परवाह नहीं की जाती और यदि कन्या शासकीय नौकरी में हो तो केवल शासकीय सेवा वाले वर की तलाश की जाती है। पहले के जमाने में लोग लड़के के घर,परिवार और आदतो को देखते हुए संयुक्त परिवार को प्राथमिकता देते थे। वही लड़कियों के लिए शिक्षित, सुशील,मृदुभाषी एवं गृहकार्य में दक्ष होना देखा जाता था। बदलते समय के साथ-साथ बहुत तेजी के साथ हर किसी के मानसिकता में परिवर्तन आ गया है।

# चरौदा उपार्जन केंद्र में निर्धारित मात्रा में हो रहा धान का वजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जिले में धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर बीजेपी ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने धान खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया था, जिस पर भाजपा ने आरोपों को बेबुनियाद बताते व कांग्रेस के दावों पर विधायक रोहित साहू ने फूलझर कार्यक्रम से लौटते छुईहा में कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति कर रही है। जनता के हितों से कांग्रेस पार्टी को कुछ लेना देना नहीं है। जनता कांग्रेस को समझ चुकी है और उन्होंने पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला को आड़े हाथों लेते हुए कहा की राजिम विधानसभा में कांग्रेस नेता को भी समझ चुकी है। आगे उन्होंने कांग्रेस के खरीदी केंद्र चलो अभियान पर पलटवार करते हुए विधायक रोहित साहू का कहना है कि मुद्दों के अभाव में संघर्ष करती



कांग्रेस का दिशा और दशा दोनों बदल गई है। कांग्रेस अपने को जीवित रखने के लिए एक औपचारिक समस्या बनाकर इस तरह का अभियान कर रही है। जितने भी आंदोलन करने का कांग्रेस ने प्रयास किया वह सभी असफल रहा है। जनता उनके साथ नहीं है,धान खरीदी के नाम पर कांग्रेस किसानों को भ्रमित करने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को किस्तों में अंतर की राशि दी जाती थी, जिसकी वजह से किसान नाराज थे। दूसरी तरफ हमारी भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है। किसानों को अंतर की राशि एक मुश्त राशि शीघ्र दे रही है।

### कारीमाटी में रात्रिकालीन लोक कला नाचा पार्टी मौलीभाटा ओडिशा ने रंगारंग प्रस्तुति दी

# संस्कृति व परंपरा को युवा पीढ़ी ने सम्भाल रखा है : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला के पार कारीमाटी में बुधवार को रात्रिकालीन लोक कला नाचा पार्टी मौलीभाटा ओडिशा की प्रस्तुति समस्त पारावासी के सहयोग से रखा गया। तो वहीं पारावासी हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिगेन्द्र ठाकुर सरपंच अध्यक्षता धनमोतिन बाई, पंच विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच परमेश्वर यादव, भावसिह मरकाम लघु वनोपज सहकारी समिति अध्यक्ष, संतराम नेताम ग्राम प्रमुख, यशराम यादव, चन्द्रपाल ठाकुर पच, भूघन नेताम, बिश्राम नेताम, केजाऊ भुजिया, प्रधुमन ठाकुर, धनेश राम, बैशाखिन बाईं आदि मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र




पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों का पारावासी के युवा द्वारा पीला चावल से स्वागत किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ की विरासत हमारी संस्कृति व परंपरा को आज की युवा पीढ़ी सम्हाले रखें है, सभी पारावासियो को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई देते हुए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि इस पारा में एकता का मिशाल कारीमाटी के मिट्टी और पूर्वजों की आशीर्वाद है। इन्हीं परम्परा का निर्वहन करते, गांव क्षेत्र व समाज को विकास को आगे बढ़ना है। लघु वनोपज समिति अध्यक्ष भावसिह ने कहा कि इस पारावासी के एकता और संगठन को नमन करता हूं। ग्राम प्रमुख संतराम नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी कार्यक्रम होते रहने से एक दूसरे से मेल-मिलाप जान पहचान बढता है। पारावासियो सहित क्षेत्र के आसपास ग्रामों से ग्रामीण इस कार्यक्रम का आनंद गुलाबी ठंड के बीच लेते रहे। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार से संबोधित किया गया। इस अवसर ओंकार ठाकुर, भोला नेताम, बैसाखू नेताम, विजय नेताम, हेमलाल मरकाम, हमेश्वर नेताम, हेमकुमार, इलेश्वरी, यशकुमारी, बिंदेश्वरी, लता, इन्द्रानी सहित समस्त पारावासी तन मन धन से जुटे हुए थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक कुमार ठाकुर ने की।

# विद्यार्थियों ने एड्स विषयक प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी संक्रमण से बचाव व रोकथाम विषय के अंतर्गत भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के आयोजन में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएँ निश्चित ही जनजागरुकता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। वर्तमान में एड्स जागरूकता पर युवाओं के संज्ञान में लाना आवश्यक है। उपप्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि एड्स नियंत्रण शाखा- रायपुर की यह योजना बहुआयामी पहल होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक ने बताया कि एचआईवी एवं एड्स संक्रमणवाली जानलेवा बीमारी भी है। प्रतिवर्ष इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसे केवल जन जागरूकता से ही रोका जा सकता है। वैज्ञानिक इसका ठोस उपचार नहीं खोज पाए है।




### एड्स के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



**मैनपुर।** मैनपुर तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के प्रमुख ग्रामों में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में विश्व एड्स दिवस जनजागरण के माध्यम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सीएचसी मैनपुर के बीएमओ डाक्टर जीके ध्रुव, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के. डी., जोगी, डॉक्टर तनुजा ठाकुर, डॉक्टर चुम्मन कंदरा, एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बचाव एवं सतर्कता ही इसका एकमात्र उपाय है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रेड रिबन क्लब के डॉ.डीपी निर्मलकर, डॉ. श्यामा शांडिल्य, डॉ. राजेश्वरी चन्द्राकर, लेखराम साहू, डॉ. प्रेरणा सोनी, डॉ. दुर्गेश नंदिनी साहू, प्रो. महेंद्र द्विवेदी, लोमश साहू की अहम भूमिका रही।

# विधायक ने देखी फिल्म द साबरमती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने नवापारा स्थित जनसंपर्क कार्यालय में अभनपुर क्षेत्र के नवनियुक्त बूथ अध्यक्षो का सम्मान किया एवं प्रदेश संगठन के आह्वान पर गैलेक्सी टॉकीज में जाकर कार्यकर्ताओ के साथ फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखा। उन्होंने फिल्म की तारीफ की। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओ के साथ भोजन भी किया। उक्त कार्यक्रम में चारो मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें प्रमुख रूप से जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ विजय गोयल, पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, जिलामंत्री परदेशी राम साहू, अशोक गंगवाल, भाजयुमो अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नवल साहू, नारायण यादव, तोषण साहू,



टीकाराम साहू, भरत बैस, राघवेंद्र साहू, बिहारी साहू, प्रेमलाल साहू, बॉबी चावला, भाजयुमो नेता मुकुंद मेश्राम, सिंटू जैन, राजू रजक ,टिंकू सोनी, रवि साहू, चेतन साहू , कैलाश तिवारी, धीरज साहू, आशीष गोलछा, गुलशन साहू, द्विज साहू, ईश्वरी देवांगन, झड़ी पटेल , मेघनाथ साहू, मनीष चौधरी, दुकालू चक्रधारी, अप्पू सोनकर, राजेन्द्र देवांगन, धनश्याम साहू, मुकेश देवांगन, देवेंद्र सेन, प्रेम साधवानी, गोलू यादव, प्रतीक शर्मा, समीर यदु, तनु मिश्रा, साधना सौरज, धनमती साहू, चेतना गुप्ता, हर्षा कंसारी, सरोज साहू, शांति साहू, सावित्री पाल, किरण सोनी, संतोषी कंसारी, डामन साहू, डिहु साहू, खिलेश्वर शर्मा, अग्नि यादव सहित बड़ी संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मधु योजना से मिली राशि का सब्जी की खेती में कर रही उपयोग

# महतारी वंदन से संवर रही महिलाओं की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संचालित महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना जिले की महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रही है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रदेश में लागू की गई महतारी वंदन योजना से अनेक माताओं-बहनों को अब छोटी-मोटी जरूरतों के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की नौबत नहीं आती है। प्रति महीने एक हजार रूपये उनके बैंक खातों में पहुंच रही है। जिससे वह अपनी दैनिक उपयोगी सहित अन्य जरूरत की चीजों में खर्च कर पा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम मैनपुर खुर्द की लगभग 40 वर्षीय मधु पटेल महतारी वंदन से मिलने वाली राशि का उपयोग सब्जी उत्पादन में करके आजीविका संवर्धन का कार्य कर रही है। मधु पटेल सब्जी उत्पादक कृषक परिवार से है, वह सब्जी बेचकर अपना परिवार का भरण-पोषण करने में मदद करती है।

कुछ समय पहले मधु पटेल को अपने घर की बाड़ी में विभिन्न किस्म की सब्जी बोने के लिए बीज की आवश्यकता आन पड़ी, हाथ तंग थे और महंगे बीज खरीदना मुनासिब न था। कई बार कुछ रूपए के लिए उन्हें लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में 1 हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं। जिससे वह विभिन्न सब्जियों का बीज खरीद लेती है और उससे सब्जी उत्पादन कर अतिरिक्त मुनाफा लेती है।

### किसी के आगे पैसों के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती



श्रीमती पटेल ने बताया कि विगत माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण किया है। इस राशि का उपयोग अपने घर के बाड़ी मे सब्जी उत्पादन मे लगायी है और सब्जी को मार्केट मे बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रही है। मधु पटेल ने बताया कि हर महीने महतारी वंदन योजना के राशि का इंतजार रहता है। राशि समय पर खाते में आते ही उन्हें बहुत राहत मिलती है। यह राशि हमारे बड़े काम की होती है। गृहणी व कृषक मधु पटेल को किसी के आगे रूपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद हम जैसी महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में एक हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे हम जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बहुत लाभ पहुंचने की बात कही और इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

# आज के विद्यार्थी रेडियो से अनभिज्ञ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखंड मैनपुर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा में आज अध्यापन के दौरान प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल ने पढ़ाते हुए बच्चों को पूछे कि रेडियो को देखे हैं क्या तब पता चला कि आज के विद्यार्थी रेडियो से अनभिज्ञ है। कक्षा सातवीं नागरिक शास्त्र विषय में मीडिया और विज्ञापन नामक पाठ का अध्यापन कराते हुए प्रधान पाठक ने बच्चों से परिचित कराया संचार के माध्यम से तब टेलीविजन, रेडियो, समाचार पत्र एवं मोबाइल के संबंध में विस्तार से बताया। इसी बीच रेडियो को ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के पूर्व सरपंच देवन नेताम के घर से मंगवाकर सभी बच्चों को रेडियो से परिचित कराया गया तब बच्चों को आश्चर्य हुआ। इस पर पटेल कहते हैं कि विलुप्त होते हुए वस्तुओं से बच्चों को परिचय कराने की अति आवश्यक है। नहीं तो यह सभी वस्तुएं एक दिन इतिहास बनकर रह जाएगी।